वर्ष 1965 में 14 साल की अवधि बीत चुकी थी और फिर से इसी आधार पर इस बार एक और संविधान पीठ ने पुनर्विचार किया। पिछले निर्णय [*संकरी प्रसाद*] का पालन करते हुए *सज्जन सिंह* मामले में यह माना गया कि अनुच्छेद 13 में सांविधानिक संशोधन शामिल नहीं है, लेकिन एक अंतर के साथ। अंतर केवल इतना था कि दो विद्वान न्यायाधीश, न्यायमूर्ति हिदायतुल्लाह और न्यायमूर्ति जे.आर मुधोलकर ने पहली बार संदेह व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि हमें इस पर विचार करने के लिए एक बड़ी पीठ की आवश्यकता होगी क्योंकि यह अनिश्चित है कि सांविधानिक कानून अनुच्छेद 13 के अंतर्गत 'विधि' हैं या नहीं।[25] न्यायमूर्ति मुधोलकर ने एक कदम आगे बढ़कर एक दूरदर्शी की तरह अपने फैसले में पहली बार 'मूल संरचना शब्द' का इस्तेमाल किया। एक बहुत ही दिलचस्प पैराग्राफ में वे हमें पहली बार बताते हैं कि क्या इस संविधान में मूल संरचना जैसी कोई चीज है जिसे बिल्कुल भी संशोधन नहीं किया जा सकता?[26]

इसके पश्चात 1967 में *गोलकनाथ* मामले[27] की 11 न्यायाधीशों की पीठ सामने आती है जिसका नेतृत्व मुख्य न्यायाधीश सुब्बा राव द्वारा किया गया। फिर से एक खंडित बहुमत (6-5 के बीच बंटी हुई बेंच) आया, जिसमें न्यायाधीश हिदायतुल्ला निर्णायक थे। मुखय न्यायाधीश सुब्बा राव ने दो बातें कही, एक यह कि संशोधन करने की शक्ति अनुच्छेद 368 में नहीं है क्योंकि अनुच्छेद 368 में सीमांत नोट [marginal note] में संशोधन की प्रक्रिया मौजूद है और हमे उस सीमांत नोट को देखना होगा। संशोधन करने की शक्ति कहीं और स्थित है। मुख्य न्यायाधीश सुब्बा राव और अन्य विद्वान न्यायाधीशों के अनुसार, संशोधन करने की शक्ति, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहीं भी स्थित

24 *Sajjan Singh* v. *State of Rajasthan*, AIR 1965 SC 845.

25 (a) "law" includes any Ordinance, order, bye-law, rule, regulation, notification, custom or usage having in the territory of India the force of law.

26 न्यायमूर्ति हिदायतुल्लाह का विसम्मत *गोलोकनाथ* मामले का आधार बना जबकि न्यायमूर्ति मुधोलकर का विसम्मत *केशवानंद भारती* का रास्ता बनाया.

27 *Golaknath* v. *State of Punjab*, AIR 1967 SC 1643.

नहीं थी, इसलिए यह अवशिष्ट अनुच्छेद (residuary article-148) के अंतर्गत आती है। इसलिए संसद अवशिष्ट अनुच्छेद के अंतर्गत संशोधन कर सकती है। पांच अन्य विद्वान न्यायाधीशों ने असहमति ज़ाहिर करते हुए कहा कि संशोधन के लिए एक अलग भाग मौजूद है, भाग 20, अत: अनुच्छेद 368 में ही संशोधन के सारे नियम व्याप्त हैं।

न्यायमूर्ति हिदायतुल्लाह ने कहा कि संशोधन की शक्ति *'sui generis'* है। इसलिए हम इसे वहीं छोड़ देते हैं, हम यह नहीं कहते कि यह या तो अनुच्छेद 245 में है या संविधान में कहीं हैं। इसका कारण यह है कि अंतत: यह एक संविधान है जिसमें बदलाव के लिए लचीलापन होना चाहिए। दूसरा बिंदु, जिस पर बहुत बहस हुई और इस बार न्यायमूर्ति हिदायतुल्लाह ने मुख्य न्यायाधीश सुब्बा राव से सहमति ज़ाहिर करते हुए यह कहा कि अनुच्छेद 13 में ना केवल साधारण बल्कि संशोधन कानून भी आते हैं। अत: आप अनुच्छेद 368 का उपयोग कर संविधान के किसी भी प्रावधान में संशोधन कर सकते हैं, लेकिन आप मूल अधिकारों को नहीं छू सकते। क्योंकि मौलिक अधिकार अविभाज्य हैं, वे मानव अधिकार हैं जिसका संशोधन नहीं कर सकते।

24वां-25वां संशोधन [24-25th Amendments]

संसद ने अब कार्रवाई करने में तेजी दिखाई। संसद ने 1971 में 24वां संशोधन लागू किया। 24वें संशोधन ने दोनों ही आधारों को खत्म करने की सफल कोशिश की जिस पर *गोलकनाथ* मामला [1967]आधारित था। एक, यह कि संशोधन करने की शक्ति सीधे अनुच्छेद 368 में है, कहीं और नहीं, और दूसरा यह कि अनुच्छेद 13 के अंतर्गत केवल साधारण कानून आते हैं और सांविधानिक कानून नहीं।

उसी वर्ष 25वां संशोधन पारित किया गया जो संपत्ति अधिकारों से जुड़ा था और अनुच्छेद 31C को जोड़ा गया। जब प्रथम संशोधन द्वारा 31A जोड़ा गया था तो कृषि संबंधी कानूनों को मूल अधिकारों के प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए प्रावधान किया गया था लेकिन संपत्ति के अधिकारों को उनसे अलग रखा गया था. अर्थात यदि कोई कानून संपत्ति के अधिकारों के बारे में है और मूल अधिकारों के विरुद्ध है तो उसे अवैध घोषित किया जा सकता था। अनुच्छेद 31C को किसी और के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया। श्री बी एन राउ (पहले न्यायाधीश जो अंतरराष्ट्रीय न्यायालय गए; संविधान सभा के सांविधानिक सलाहकार थे और एक मसौदा संविधान (draft constitution) के साथ आए थे) यह हमेशा उनका विचार था कि निदेशक सिद्धांतों [directive principles] को मूल अधिकारों [fundamental rights] पर वरीयता मिलनी चाहिए। अब निदेशक सिद्धांत एक अलग भाग में हैं, जिसे आयरलैंड के 1937 के नए संविधान से लिया गया है. (आयरिश संविधान कैथोलिक संविधान था, यह धर्मनिरपेक्ष संविधान नहीं था.)। निदेशक सिद्धांत जो हमारे अनुच्छेद 39(b) और अनुच्छेद 39(c) में थे[28],

28 The Constitution of India, art. 39.

29 papal bull, in Roman Catholicism, an official papal letter or document. By the 13th century the term papal bull was being used only for the most important documents issued by the pope. https://www.britannica.com/topic/bull-papal

पुपल बुल्स'[29] की अवधारणा पर आधारित हैं, जो रोम में बैठे पोप द्वारा जारी किए गए आदेश की तरह हैं। अनुच्छेद 39(b) और अनुच्छेद 39(c) हमें पोप इनोसटें तृतीय पर वापस ले जाते हैं, जो एक कार्य के लिए बहुत प्रसिद्ध थे- उन्होंने मैग्ना कार्टा [1215] को उसके निर्माण के तुरंत बाद ही निरस्त कर दिया। अब हम, मैग्ना कार्टा के 810वें वर्ष में हैं, इंग्लैंड के राजा जॉन को इस पर हस्ताक्षर करने के लिए उस समय के विद्रोहियों ने मजबूर किया और पोप ने इसे तुरंत ही निरस्त कर दिया था। अब यही पोप हमारे अनुच्छेद 39(b) और अनुच्छेद 39(c) जैसे प्रावधान के लिए प्रेरक बने. यह कहा जा सकता है कि इसे आयरलैंड के कैथोलिक संविधान से उधार लिया गया और भारत के पंथनिरपेक्ष संविधान में डाला गया।

अनुच्छेद 39(b) और अनुच्छेद 39(c) हमें बताते हैं कि समुदाय के भौतिक संसाधनों को इस तरह वितरित किया जाना चाहिए कि वे आम हित में हों, समाजवाद अपने उच्चतम स्तर पर हो, सब कुछ लोगों के लिए हो, और धन का संकेन्द्रण कुछ लोगों के हाथों में नहीं होना चाहिए जिससे बहुतों को नुकसान हो। इन दो उप-अनुच्छेद को, जो 810 साल पुराने पोप के आदेश से आते हैं, मूल अधिकारों के ऊपर (संपत्ति के अधिकारों पर) अध्यारोपित किया गया। यही बात जस्टिस खन्ना को प्रेरित करती है (*केशवानंद भारती* मामले में वह एक निर्णायक व्यक्ति थे, जैसे *गोलकनाथ* मामले में न्यायमूर्ति हिदायतुल्ला थे) जिन्होंने कहा कि वे इस अनुच्छेद को केवल इसलिए बरकरार रखते हैं, क्योंकि यह संपत्ति के अधिकारों से संबंधित है और उनके अनुसार संपत्ति के अधिकार मौलिक हो सकते हैं लेकिन वे मूल संरचना से संबंधित नहीं हैं।

एक विशेष न्यायाधीश की दृष्टि के आधार पर अंततः अनुच्छेद 31C ने सांविधानिकता की पात्रता पास कर ली। यह *केशवानंद भारती* के लिए भूमिका तैयार करता है। *केशवानंद भारती* में चार संशोधन (24वां संशोधन, 25वां संशोधन, 26वां संशोधन, 29वां संशोधन) चुनौती का विषय थे। 26वें संशोधन ने प्रिवी पर्स छीन लिया, जिसे 13 न्यायाधीशों द्वारा भविष्य के लिए तय किया जाना था। 24वें, 25वें तथा 29वें संशोधन पर विचार-विमर्श किया गया। 24वां संशोधन गोलकनाथ मामले को पलटने से संबंधित था। किसी को भी, यहां तक कि बहुमत को भी गंभीरता से नहीं लगता था कि *गोलकनाथ* मामले का निर्णय सही था, इसलिए *गोलकनाथ* मामले को खत्म करना आसान काम था। अनुच्छेद 31C विवाद का विषय था और फिर से यह तीखी दरार थी। इस बार छह के खिलाफ छह थे। न्यायमूर्ति खन्ना अलग व्यक्ति थे, और उनका का एक विशेष दृष्टिकोण था कि संपत्ति के अधिकार किसी भी मूल संरचना का हिस्सा नहीं हैं। संपत्ति के अधिकार यू.एस. संविधान के अनुच्छेद 5 में जीवन और स्वतंत्रता के साथ हो सकते हैं, लेकिन इस देश में हमें संपत्ति के अधिकारों को अलग करना चाहिए। चूंकि संपत्ति के अधिकार मूल संरचना का हिस्सा नहीं हैं, और वे मूल संरचना में विश्वास रखते थे, उन्होंने अनुच्छेद 31C को रद्द नही किया। इसलिए अनुच्छेद 31C को इस संकीर्ण एक वोट से पारित कर दिया गया। दूसरा भाग जिसमें कहा गया था कि कोई भी अदालत इस पर विचार नहीं करेगी, उसे रद्द कर दिया गया।

V. मूल संरचना की पहचान- सिद्धांत या प्रावधान [Identifying Basic Structure- Principle or provision]

इसलिए अब हम मूल संरचना क्या है, इस पर वापस आते हैं। विद्वान अधिवक्ता श्री नंबियार हमेशा अपने समय से आगे थे, क्योंकि जब भी उन्होंने कुछ तर्क दिया, तो वह आमतौर पर भले ही हार गए हों, लेकिन उस तर्क को अंततः बाद में स्वीकार किया गया। इस बार *केसवानंद भारती* [1973] के सात न्यायाधीश 1965 के *सज्जन सिंह* के निर्णय देने वाले एक न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुधोलकर के पास वापस गए और पाया कि हां, मूल संरचना जैसी कोई चीज है। विभिन्न निर्णयों में विभिन्न विशेषताओं को आवश्यक मूल संरचना आदि के रूप में बताया गया है, इसलिए अब हम वापस आते हैं कि मूल संरचना वास्तव में क्या है।

दो दिलचस्प दृष्टिकोण हैं जो एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। एक *इंदिरा गांधी के मामले*[30] में न्यायमूर्ति मैथ्यू का दृष्टिकोण है, और एक न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर का *भीम सिंह जी के मामले*[31] (नौवीं अनुसूची की चुनौती संदर्भ के) का दृष्टिकोण है। न्यायमूर्ति मैथ्यू ने महसूस किया कि आपको संविधान के कुछ प्रावधानों में मूल संरचना को खोजना होगा. जैसे संविधान की सर्वोच्चता एक सिद्धांत है लेकिन यह स्वयं में आधारभूत ढांचे का भाग नहीं हो सकता. संविधान का कोई प्रावधान जो सर्वोच्चता को स्वयं में समाहित करता हो वह बुनियादी ढांचा है. न्यायमूर्ति कृष्णा अय्यर ने कहा कि जब हम महान समतावादी सिद्धांत (Egalitarian Principles) की बात करते हैं, तो हम अनुच्छेद 14 की बात नहीं कर रहे होते, हम एक सिद्धांत की बात कर रहे होते हैं

30 *Indira Gandhi* v. *Raj Narain,* AIR 1975 SC 2299.

31 *Bhim Singhji* v. *Union of India,* 1985 SCR SUPL. (1) 862.

जो मूल संरचना का हिस्सा होता है। अनुच्छेद 14 ऐसा नहीं करता।[32] यह बहस आज तक बिना किसी स्पष्टता के जारी रही है। इसलिए मूल संरचना की वास्तव स्थिति के बारे में मुझे लगता है कि हमें प्रस्तावना और अनुच्छेद 368 से संकेत मिलते हैं। भले ही यह एक प्रस्तावना है, यह संविधान की शुरुआत है, वास्तव में इसका मसौदा संविधान के अंत में तैयार किया गया था। निर्माताओं ने वास्तव में संक्षेप में बताया कि उनके विचार से वे सिद्धांत क्या थे। इसमें से आप लगभग छह सिद्धांत निकाल सकते हैं, जिन्हें कोई सिद्धांत कह सकता है, जो वास्तव में बुनियादी ढांचे से संबंधित है।

32 The question of basic structure being breached cannot arise when we examine vires of an ordinary legislation as distinguished from a constitutional amendment. *Kesavananda Bharati* cannot be the last refuge of the proprietaire when being legislation takes away their 'excess' for societal weal. Nor, indeed, can every breach of equality spell disaster as a lethal violation of the basic structure. Peripheral inequality is inevitable when large-scale equalisation processes are put into action. If all the judges of the Supreme Court in solemn session sit and deliberate for half a year to produce a legislation for reducing glaring economic inequality their genius will let them down if the essay is to avoid even peripheral inequalities Every large cause claims some martyr, as sociologists will know. Therefore, what is a betrayal of the basic feature is not a mere violation of Art. 14 but a shocking, unconscionable or unscrupulous travesty of the quintessence of equal justice. If a legislation does go that far it shakes the democratic foundation and must suffer the death penalty. But to permit the *Bharati* ghost to haunt the corridors of the court brandishing fatal writs for every feature of inequality is judicial paralysation of parliamentary function. Nor can the constitutional fascination for the basic structure doctrine be made a Trojan horse to penetrate the entire legislative camp fighting for a new social order and to overpower the battle for abolition of basic poverty by the 'basic structure' missile. Which is more basic? Eradication of die-hard, deadly and pervasive penury degrading all human rights or upholding of the legal luxury of perfect symmetry and absolute equality attractively presented to preserve the status quo ante? To use the Constitution to defeat the Constitution cannot find favour with the judiciary. I have no doubt that the strategy of using the missile of 'equality' to preserve die-hard, dreadful societal inequality is a stratagem which must be given short shrift by this court. The imperatives of equality and development are impatient for implementation and judicial scapegoats must never be offered so that those responsible for stalling economic transformation with a social justice slant may be identified and exposed of. Part IV is a basic goal of the nation and now that the court upholds the urban ceiling law, a social audit of the Executive's implementation a year or two later will bring to light the gaping gap between verbal valour of the statute book and the executive slumber of law-in-action. The court is not the anti-hero in the tragedy of land reform urban and agrarian. (*Bhim Sing* case, Krishna Iyer, J.)

1. प्रस्तावना और मूल अधिकारों की भूमिका [Preamble and Role of Fundamental Rights]

आपके पास यह तथ्य है कि भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य है। प्रत्येक शब्द में एक विशेषता है। यह संप्रभु है, इस तथ्य के साथ कि देश में एकता और अखंडता है, जो प्रस्तावना का अंतिम भाग है, दोनों को एक साथ रखें, तो यह तथ्य है कि भारत आज खुद को नियंत्रित करता है और वह विदेशी शासन से मुक्त है। दूसरा, इसने सरकार के लोकतांत्रिक स्वरूप को चुना है, सरकार का लोकतांत्रिक स्वरूप सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार में विश्वास करता है, ताकि आपके प्रतिनिधि जो शासन करते हैं वे ऐसे व्यक्ति हों जो वास्तव में राष्ट्र की वयस्क आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह तथ्य कि हम वयस्क भारतीय खुद पर शासन करते हैं, एक और आवश्यक विशेषता है। तीसरा, हम एक गणतंत्र हैं। फिर से यह कहना है कि हम एक तानाशाही नहीं हैं, हम एक राजशाही नहीं हैं, इसलिए हम उन सिद्धांतों द्वारा शासित हैं जिन्हें गणतंत्रीय सिद्धांत कहा जा सकता है जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों से निकटता से जुड़े हुए हैं, बेशक हमारे पास एक राष्ट्रपति है। *शमशेर सिंह* बनाम *पंजाब राज्य*[33] के मामले के बाद राष्ट्रपति के पास मूल रूप से अंग्रेजी राजा की तरह बहुत सीमित शक्तियाँ हैं, हम वास्तव में एक कैबिनेट द्वारा शासित हैं, जिसे अंतत: निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा चुना जाता है जिन्हें हम वयस्क भारतीयों ने वोट दिया है। श्रीमती इंदिरा गांधी के 42वें संशोधन द्वारा जोड़ी गई दो अन्य अवधारणाएँ हैं, समाजवादी और पंथनिरपेक्ष[34] [socialist and secular]। मेरे अनुसार वे पूरी तरह से अनावश्यक थे, वे पहले से ही वहाँ थे। क्योंकि अगला खंड न्याय की बात करता है, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक [justice, social, economic and political]। सामाजिक न्याय एक संकेत देता है कि हम एक समाजवादी राज्य हैं और इसलिए हर बार जब विधायिकाएँ कानून बनाती हैं वे आम तौर पर लोगों के कल्याण को देखेंगे। वे निदेशक सिद्धांतों को देखेंगे और फिर उन कानूनों को बनाएंगे। इसलिए समाजवाद सामाजिक न्याय का हिस्सा है। पंथनिरपक्षता समान रूप से अगले खंड का हिस्सा है।

अब अगला खंड फ्रांसीसी क्रांति की पुकार से ज़्यादा और कम कुछ नहीं है, स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व [*Liberté, égalité, fraternite*] और इन तीनों का उल्लेख प्रस्तावना में किया गया है । इसलिए आपके पास स्वतंत्रता है जो अपनी इच्छा के अनुसार सोचने खुद को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता की बात करती है और सबसे बढ़कर विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता की बात करती है। अगर आपके पास पहले से ही विश्वास और उपासना की स्वतंत्रता है तो आप एक पंथनिरपेक्ष राज्य हैं। जिसका उल्टा यह है कि राज्य इसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा और न ही राज्य एक पंथ के विरुद्ध दूसरे पंथ की मदद करेगा। तो आपके पास पहले से ही समाजवादी पंथनिरपेक्षता अतंर्निहित है। इसलिए यह 42वा संशोधन जो उद्देशिका में दोनों शब्द जोड़ता है, अनावश्यक था,

33 *Shamsher Singh* v. *State of Punjab,* AIR 1974 SC 2192.

34 Substituted by 42nd Amendment Act, 1976, s. 2(a).

[socialist and secular words were unnecessary] जैसा कि मैंने पहले कहा था। स्वतंत्रता [liberty] बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह व्यक्तिगत अधिकारों को लाती है यह न केवल विश्वास, धर्म और उपासना आदि की स्वतंत्रता है बल्कि सबसे मौलिक अर्थों में विचार की अभिव्यक्ति की भी है.

हमने संपत्ति के बारे में कुछ नहीं सुना है। जस्टिस हिदायतुल्लाह ने *गोलकनाथ* [1967]के मामले में बताया कि उनके अनुसार मूल अधिकारों के भाग में संपत्ति को शामिल करना एक गलती थी। यह उनकी दृष्टि थी. 11 साल बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार ने इसे 44 वें संशोधन से हटाकर एक अलग अनुच्छेद [300] में डाल दिया। फिर हमारे पास भाईचारे की एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवधारणा है इसलिए हम अनेकता में एकता [unity in diversity] में विश्वास करते हैं। विविधता बहुत महत्वपूर्ण है। यह सांस्कृतिक अधिकारों को संरक्षित करता है। हमारे संविधान का अनुच्छेद 29, उन कुछ अनुच्छेदों में से एक है जो दुनिया के अधिकांश संविधानों में जगह नहीं पाते हैं। न केवल भाषा को संरक्षित करने का अधिकार, बल्कि संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार, और यह एक पूर्ण अधिकार है। राज्य इसे नहीं छीन सकता है। इस तरह, विविधता में एकता समान रूप से संविधान की एक आवश्यक विशेषता या मूल संरचना का एक हिस्सा है। और अंततः आप व्यक्ति की गरिमा [dignity] पर आकर ठहरते हैं, जो स्वतंत्रता के साथ पढ़ने पर फिर से मूल अधिकारों के भाग में लेकर जाता है। इस प्रकार संविधान की उद्देशिका या प्रस्तावना को देखें तो इसमें ही 6 या 7 मूलभूत ढांचा है.

2. अनुच्छेद 368 [article 368]

अगर हम अनुच्छेद 368 परंतुक पर जाते हैं, तीन-चार मूल संरचना फिर से आती है। कार्यकारी शक्ति, विधायी शक्ति से अलग, न्यायपालिका से अलग है और यदि आप इनमें से किसी को छूना चाहते हैं तो 368 परंतुक के अनुसार कृपया राज्यों से अनुसमर्थन [ratification] के लिए जाएं। आपके पास 'शक्ति का पृथक्करण' [separation of power] है जो तीन उप-अनुच्छेदों से आता है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता [independence of judiciary] है जो उनमें से एक से आती है क्योंकि यदि आप न्यायपालिका के किसी भी हिस्से को छूना चाहते हैं, आपको राज्यों से अनुसमर्थन के लिए फिर से जाना होगा। आपके पास परिसंघवाद [federalism] है, क्योंकि जिस क्षण संसद में राज्यों के प्रतिनिधित्व की बात की जाती है, या किसी भी तरह से विधायी सूचियों में संशोधन किया जाता है जो या तो राज्य की शक्तियों को कम करता है या बढ़ाता है, आप एक परिसंघवादी मुद्दे को छू रहे हैं। अंत में, आप संविधान में संशोधन कर सकते हैं, लेकिन यदि आप संशोधन के तरीके को बदलना चाहते हैं तो आपको राज्यों के पास जाना होगा।[35]

35 न्यायमूर्ति रोहिंग्टन नरीमन के अनुसार राज्यों के पास अनुसमर्थन के लिए जाना बुनियादी ढांचे सिद्धांत का उदाहरण है. यह बात कुछ संदिग्ध है. ऐसा लगता है कि रोहिंग्टन नरीमन यह प्रस्तावित कर रहे है कि 368 परंतुक बुनियादी ढांचा के दृष्टान्त हैं क्योंकि वनको बदलने के लिए कम से कम आधे राज्यों का अनुसमर्थन चाहिए. क्या राज्यों के अनुसमर्थन के बाद इन बुनियादी ढाचों को बदल सकता हैं? अनुच्छेद 368 का परंतुक कुछ अतिरिक्त बचाव देता है कि संविधान संशोधन के लिए ज्यादा भागीदारी चाहिए. लेकिन यह बुनियादी ढांचे को कैसे इंगित करता है क्योंकि मूलभूत संरचना तो किसी बदलाव से परे है.

हम उसी पहेली पर वापस आ जाते हैं, एक तरफ जस्टिस मैथ्यू की अवधारणा और दूसरी तरफ जस्टिस कृष्णा अय्यर की अवधारणा। क्या ये सभी अवधारणाएँ कहीं हवा में हैं या ये सभी संविधान में निहित [grounded] हैं। मेरे अनुसार वे संविधान में निहित हैं। हमें याद रखना चाहिए कि यह एक संविधान है, जिसकी हम व्याज़्या कर रहे हैं, मुख्य न्यायाधीश मार्शल के महत्वपूर्ण शब्दों के अनुसार (मकालक और मैरीलैंड में[36]), वह मौलिक दस्तावेज़ हमारे जीवन में अहम मायने रखती है। इसलिए इस दस्तावेज (संविधान) पर लागू होने वाले व्याख्या के सिद्धांत, वैधानिक व्याख्या के सामान्य सिद्धांतों से पूरी तरह से अलग होंगे। अगर हम इसे ध्यान में रखते हैं, और अगर हम महसूस करते हैं कि हमें शब्दों के पीछे नहीं रहना है, बल्कि शब्दों से ही सिद्धांत निकलते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि हमें इन दो दृष्टिकोणों [grounded in the constitutional provisions or found in constitutional principles] को समेटने [reconcile] में कोई कठिनाई होनी चाहिए। बुनियादी ढ़ांचे को किसी एक प्रावधान या अनुच्छेद में ढूँढने की आवश्यकता नहीं है, इसे उप-अनुच्छेद में भी खोजने की आवश्यकता नहीं है, यह अनुच्छेदों के समूह में हो सकता है। लेकिन अंततः आप शब्दों से जो पाते हैं, वह सिद्धांत है। आइये एक उदाहरण लेते हैं, यदि आप न्यायपालिका की स्वतंत्रता [independence of judiciary] के सिद्धांत के साथ छेड़छाड़ करना चाहते हैं आप इसे भाग पाँच के अध्याय चार में पाएंगे जो उच्च न्यायपालिका से संबंधित है, आप इसे अनुच्छेद 235 व अनुच्छेद 235 से आगे पा सकते हैं जो उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायपालिका से संबंधित है। अंततः आपको अपने आप को किसी अनुच्छेद या अनुच्छेदों के समूह में स्थापित करना होगा और यदि आप ऐसा करते हैं तो सिद्धांतों से विशेषता उभरती है और यदि आप उस आवश्यक विशेषता के किसी भी भाग के साथ छेड़छाड़ करना चाहते हैं, तो कृपया सावधान रहें।

दूसरी समस्या यह है कि कुछ ऐसी आधारभूत अवधारना है जो किसी अनुच्छेद में नहीं है, जैसे संविधान की सर्वोच्चता [supremacy of constitution] हमें कहाँ मिली, संविधान के किसी प्रावधान में इसे नहीं लिखा है। हम इसे इस तथ्य से प्राप्त करते हैं कि यह एक 'मूल मानक' (Grundnorm) है, यह एक बुनियादी विचार है, जो सभी कानूनों से ऊपर है। अमेरिकी संविधान में यह निहित [grounded] है, अनुच्छेद VI, जो कहता है कि संविधान और इसके अंतर्गत बनाए गए कानून देश के सर्वोच्च कानून होंगे। भारत के संविधान में ऐसा कोई अनुच्छेद नहीं है। संभवतः मूल संरचना केवल अनुच्छेद के समूहों में ही नहीं, बल्कि सिद्धांतों में भी पाई जा सकती है।

इंदिरा गांधी मामला और आपातकाल के प्रभाव [*Indira Gandhi* case and Impact of Emergency]

केशवानंद मामला के बाद जो पहला मामला आया वह *इंदिरा गांधी* मामला[37] है। नए अनुच्छेद

36 *McCulloch* v. *Maryland,* 17 U.S. (4 Wheat.) 316 (1819).

37 *Indira Nehru Gandhi* v *Shri Raj Narain*, AIR 1975 SC 2299, 1976 (2) SCR 347.

329A[38] को 39वें संशोधन से जोड़कर कुछ उल्लेखनीय किया गया था। प्रधानमंत्री और स्पीकर को कानून से ऊपर रखा गया। अगर प्रधानमंत्री या स्पीकर का चुनाव होता है, तो अदालत इसमें दखलंदाजी [हस्तक्षेप] नहीं कर सकती थी, बल्कि अगर कोई अदालत इसमें दखलंदाजी करती, तो कोई भी कानून अब अपील में लागू नहीं होता। इस मामले में पाँचों न्यायाधीश एकमत थे कि यह 39वाँ संशोधन गलत है. मूल संरचना का उपयोग करके इसे अलग-अलग दृष्टिकोणों पर खारिज करने में मुख्य न्यायाधीश रे का दृष्टिकोण शायद सबसे व्यापक दृष्टिकोण था। जहाँ तक संविधान निकाय [constituent body] का संबंध है, उन्होंने कहा कि हाँ संविधान निकाय संसद से ऊपर है, सर्वोच्च न्यायालय से ऊपर है, राज्य के सभी अंगों से ऊपर है और वह जो चाहे कर सकता है, लेकिन अंततः यदि वह किसी निर्णय को रद्द करने जा रहा है, जो वह कर सकता है, तो उसे कानून लागू करना होगा। और यहाँ वह कुछ भी लागू नहीं कर रहा था, इसलिए मुख्य न्यायाधीश के अनुसार यहाँ 'कानून के शासन' [rule of law] की अवधारणा सामने आती है। संशोधन लागू करने के लिए कोई कानून नहीं था, अतः यह असांविधानिक था। न्यायाधीश न्यायमूर्ति हंसराज खन्ना ने पाया कि यह लोकतंत्र [democracy] के मूल सिद्धांत पर हमला करता है क्योंकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों [free and fair elections] की अवधारणा पर आक्रमण किया गया था, दो व्यक्तियों को कानून से ऊपर रखा गया था चाहे वह चुनाव परिणाम कितना भी अनुचित क्यों न हो। इसलिए उन्होंने लोकतांत्रिक सिद्धांत का आधार बनाया। न्यायमूर्ति मैथ्यू का आधार था कि संघटक निकाय [constituent body] इतना *'sui generis'* है कि वह मामलों का निर्णय करने में सक्षम नहीं है। इसके साथ ही एक बहुत ही दिलचस्प फुटनोट दिया गया है, जिसे आप सभी को पढ़ना चाहिए, जहाँ एक बिल ऑफ अटेंडर का वर्णन किया गया है, जो 1696 में फेनविक नामक एक व्यक्ति के खिलाफ पारित किए गए और उनके अनुसार यह बिल ऑफ अटेंडर एक विधायी निर्णय की तरह है। सभी विधायक न्यायाधीश के रूप में बैठते हैं, आरोपी को कटघरे में खड़ा किया जाता है, आरोप उसके सामने रखे जाते हैं और फिर वह उनके सामने अपना बचाव रखता है। वह उस दृश्य का वर्णन करते हैं, जो फेनविक ट्रायल में हुआ; बेचारा फेनविक कुछ बात रख रहा था, लोग आपस में बातें कर रहे थे, उसे नहीं सुन रहे थे। विधायक अंदर-बाहर चले जाते हैं, संक्षेप में कहें तो उनके न्यायाधीशों ने उनकी परवाह नहीं की और बेचारे को मौत की सज़ा दी गई, और यह शायद आखिरी बिल ऑफ अटेंडर में से एक था। यही वजह है कि 100 साल बाद लागू हुए अमेरिकी संविधान में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कोई भी बिल ऑफ अटेंडर या *ex post facto* कानून कांग्रेस द्वारा पारित नहीं किया जाएगा। इसलिए, जस्टिस मैथ्यू इस सिद्धांत पर चले गए कि एक घटक निकाय राज्य के अंगों से ऊपर होने के बावजूद, व्यक्तियों के साथ व्यवहार करना तथा निर्णय पारित करने के लिए सुसज्जित नहीं है। यह शक्तियों

38 Article 329A. [Special provision as to elections to Parliament in the case of Prime Minister and Speaker.].

It was omitted by the Constitution (Forty-fourth Amendment) Act, 1978, s. 36 (w.e.f. 20-6-1979).

के पृथक्करण [separation of power] का सिद्धांत था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने 39वें संशोधन को खत्म करने के लिए किया। जस्टिस यशवंत चंद्रचूड़ ने अनुच्छेद 14 को उठाया और कहा कि समता के सिद्धांत [principle of equality] का उल्लंघन किया गया है। आपने दो व्यक्तियों को उठाया है और उन्हें कानून से ऊपर रखा है। प्रधानमंत्री, स्पीकर और किसी अन्य निर्वाचित व्यक्ति के बीच कोई समझदारी भरा अंतर नहीं है। 39 वें संशोधन के अनुसार जहाँ तक प्रधानमंत्री और स्पीकर का प्रश्न है, वहाँ की समस्या नहीं है क्योंकि उनके ऊपर निर्वाचन संहिता लागू नहीं होगी. जहां तक दूसरों का संबंध है, आपके पास एक चुनाव संहिता है जिसका पालन किया जाना चाहिए। यह अंतर समता के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है. जस्टिस बेग ने बुनियादी ढांचे के बारे में बहुत कुछ नहीं कहा, लेकिन यह भी महसूस किया कि अगर वह संशोधन को विशेष तरीके से पढ़ते हैं तो प्रधानमंत्री और स्पीकर को उचित सुनवाई का सामना करना पड़ेगा और अंतत: कानून के अनुसार अपील का निर्णय लेना होगा। इसलिए *केशवानंद* के बाद इस फैसले ने कुछ बहुत ही उल्लेखनीय परिणाम दिए। आपके पास पहले से ही पाँच अलग-अलग दृष्टिकोण और पाँच अलग-अलग विशेषताएँ थीं जिन्हें बुनियादी कहा जाता है। इसके बाद *मिनर्वा मिल* का निर्णय[39] [Minerva Mills] आया। 44वें संशोधन द्वारा जनता पार्टी की सरकार के माध्यम से अनेक चीज बदली गई लेकिन उनके द्वारा जो नहीं बदला गया, वह सांविधानिक रूप से दो बहुत महत्वपूर्ण पहलू थे,[40] पहला, अनुच्छेद 368 (5) के अनुसार मूल संरचना सिद्धांत को खारिज करना, जिसमें मूल रूप से कहा गया था कि मूल संरचना जैसी कोई चीज नहीं है, और संसद की संविधान संशोधन की शक्ति में कोई निर्बन्धन नहीं है, और अनुच्छेद 368 (4) के अनुसार अदालत सांविधानिक संशोधन को छू नहीं सकती, संसद ने जो कुछ भी कहा, वह अंतिम है। दूसरा, अनुच्छेद 31C, फिर दो भाग में विभाजित हो गया, न केवल संपत्ति के अधिकार जो अनुच्छेद 39(b) और अनुच्छेद 39(c) में निहित थे, बल्कि सभी निदेशक सिद्धांत, ताकि अब जब कोई ऐसा कानून हो जिसे आप किसी तरह निदेशक सिद्धांत से जोड़ सकें, तो वह अनुच्छेद 14, 19 और 31 से ऊपर हो।

---

39 *Minerva Mills* v. *Union of India*, AIR 1980 SC 1789. 8G इसे नानी पालकीवाला देख रहे थे. उनके जूनियर में केवल रोहिंगटन नरीमन को ही मिनेर्वा मिल्स की ब्रीफ दी गई थी क्योंकि इसमें कोई पेमेंट नहीं था.

40 article 368

(4) No amendment of this Constitution (including the provisions of Part III) made or purporting to have been made under this article [whether before or after the commencement of section 55 of the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976] shall be called in question in any court on any ground.

(5) For the removal of doubts, it is hereby declared that there shall be no limitation whatever on the constituent power of Parliament to amend by way of addition, variation or repeal the provisions of this Constitution under this article.]

इसलिए नानी पालखीवाला 42वें संशोधन के बचे हुए हिस्से को चुनौती देने के लिए *मिनर्वा मिल्स*[41] के मामले में अदालत में आए और वह उस चुनौती में सफल रहे। सभी पांच न्यायाधीशों ने अनुच्छेद 368 (4) और (5) को खारिज कर दिया। हालांकि आपको न्याय के तर्क में थोड़ा अलग अंतर मिलेगा। जस्टिस भगवती का तर्क था कि अनुच्छेद 368 (4) और (5) न्यायालय को यह देखने से रोकते हैं कि संशोधन प्रक्रियात्मक [procedural] रूप से खराब है या नहीं। उन्होंने जो कहा वह यह था कि मान लीजिए अनुच्छेद 53[42] में संशोधन किया जाना था, अनुच्छेद 53 सीधे-सीधे अनुच्छेद 368 के परंतुक के अंतर्गत आता है और इसके लिए आधे राज्यों के अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। मान लीजिए राष्ट्रपति बिना अनुसमर्थन के विधेयक पर हस्ताक्षर करते हैं तो क्या होगा? अस्तु, यह प्रावधान असांविधानिक है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि *केशवानंद* ने एक सिद्धांत के रूप में निर्धारित किया है कि एक बुनियादी संरचना है उस सिद्धांत का पालन किया जाना चाहिए। यह उस सिद्धांत का उल्लंघन करता है। अनुच्छेद 31C में फिर से दरार पड़ गई। न्यायमूर्ति भगवती वहां अल्पमत में थे, क्योंकि उन्हें लगा कि यदि अनुच्छेद 31A वैध है और अनुच्छेद 31C, जैसा की वह मूल रूप से अधिनियमित था, वैध था। लेकिन सौभाग्य से हमारे लिए मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और तीन अन्य विद्वान न्यायाधीश इस बिंदु पर रुके और उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 14, 19, और 21 तीनों मिलकर एक स्वर्णिम त्रिभुज (Golden Triangle) बनाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस स्वर्णिम त्रिभुज के दो पक्षों को उनकी प्रभावशीलता से वंचित करने की कोशिश की गई, तो जहां तक बड़ी संख्या में कानूनों का संबंध है, संविधान प्रभावित होगा और अनुच्छेद 31C जिसे उन्होंने संशोधित किया है, वह पारित नहीं होगा। एक और बहुत महत्वपूर्ण बात यह है कि मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़, जैसा कि वह उस समय *मिनर्वा मिल्स* में थे, ने न केवल बुनियादी ढांचे को बनाए रखा गया था, बल्कि मूल अधिकार के बारे में घोषित किया कि वे उन उद्देश्यों [end] को प्राप्त करने का एक साधन [means] थे जो नीति निदेशक तत्वों में बताए गए थे. दोनों मूल अधिकार और नीति निदेशक सिद्धांत समान महत्व के थे। उनका समन्वयकारी निर्वचन [harmonious construction] करना ही होगा. और यह बुनियादी ढांचे का भाग है जिसे संशोधन करके बदला नहीं जा सकता.

VI. निष्कर्ष [Conclusion]

मिनर्वा मिल के निर्णय के बाद हमारे पास फिर से कई फ़ैसले आए हैं. सबसे पहला *वामन राव*[43] [Waman Rao]का निर्णय था, जिसे फिर से मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने निर्धारित किया था, जिसमें मूल रूप से तैयार किए गए अनुच्छेद 31A, 31B, 31C को चुनौती दी गई थी. उन सभी को केवल एक शर्त के अधीन वैध और सांविधानिक बरकरार रखा गया था, कि 24 अप्रैल 1973 के बाद संसद नौवीं अनुसूची में कानूनों को डालना जारी रखती है, तो हर ऐसा संशोधन अब इस

41 *Minerva Mills v. Union of India*, AIR 1980 SC 1789.

42 Art. 53-Executive power of the Union.

43 *Waman Rao v Union of India*, (1981) 2 SCC 362.

आधार पर परीक्षण के लिए उत्तरदायी होगा कि यह मूल संरचना का उल्लंघन करता है।

तीसरा मामला जो एक त्रिवेणी [trilogy] को पूरा करता है [*मिनर्वा मिल, वामन राव* के साथ] वह एक बहुत ही दिलचस्प फ़ैसला, भीम सिंहजी[44] के नाम से जाना जाता है, जहाँ शहरी भूमि सीलिंग अधिनियम, 1976 [Urban Land (Ceiling and Regulation) Act, 1976] को चालीसवें संविधान संशोधन द्वारा नौवीं अनुसूची में डाले जाने से एक चुनौती खड़ी हो गई थी। बहुमत ने निर्णीत किया कि यह कानून वैध है और बुनियादी ढांचे का उल्लंघन नहीं करती. यह अनुच्छेद 39(b and c) को आगे बढाने में सहयोगी है. लेकिन सभी पाँच न्यायाधीश इस बात पर सहमत थे कि शहरी भूमि सीलिंग अधिनियम कि धारा 27 (1)असांविधानिक थी. इस धारा में बस इतना ही कहा गया था कि यदि आप 10 वर्ष की अवधि के भीतर शहरी भूमि को हस्तांतरित करना चाहते हैं तो आपको ऐसा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेनी होगी। सभी पांचों ने इसे गलत माना और दुर्भाग्य से इस मुद्दे पर उनमें से तीन ने कोई कारण नहीं दिया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ अपने निर्णय के अंत में न्यायमूर्ति कृष्णाअय्यर से सहमत थे और न्यायमूर्ति कृष्णाअय्यर ने अपने निर्णय के अंत में एक संक्षिप्त निर्णय पर हस्ताक्षर किए जिसमें वे मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ से सहमत थे और दोनों सहमत थे कि धारा 27 (1) को रद्द कर दिया जाएगा लेकिन कोई कारण नहीं दिया। इसलिए कारणों के लिए हमें अल्पसंख्यक न्यायाधीशों के पास जाना होगा। [जो धारा 27 (1) को लेकर बहुमत के साथ थे]। न्यायमूर्ति ए पी सेन ने संपत्ति के तर्क का उपयोग मूल संरचना के हिस्से के रूप में किया। न्यायमूर्ति खन्ना इससे सहमत नहीं थे और न्यायमूर्ति तुलजापुरकर ने अनुच्छेद 14 का संदर्भ किया। इसलिए हम फिर से पहले स्थान पर आ गए हैं, कोई नहीं जानता कि उस धारा को वास्तव में कैसे रद्द किया गया। उस निर्णय के बाद हमारे पास कुछ निर्णय भी आए, जिसमें न्यायिक समीक्षा की अवधारणा उभर कर आई है।

विभिन्न संशोधनों में से एक *सांबा मूर्ति* मामला[45] [Sambamurthy] महत्वपूर्ण है. (अनुच्छेद 371ख[46]) और 1997 में *चंद्र कुमार* मामला[47] भी है जहाँ 42वें संशोधन का एक हिस्सा यह कहते

---

44 *Maharao Sahib Shri Bhim Singhji* v. *Union of India* 1981 (1) SCC 166.

45 *Sambamurthy v. State of Andhra Pradesh,* AIR 1967 SC 663.

46 The Constitution of India, art. 371B.

47 *L. Chandrakumar v. Union of India*, AIR 1997 SC 1125. (1) Article 323A(2)(d) or Article 323A(3)(d) of the Constitution of India, totally exclude the jurisdiction of 'all courts', except that of the Supreme Court under Article 136. It runs counter to the power of judicial review under Articles 226/227 and Article 32 of the Constitution because article 226, 227 are part of basic structure theory.

(2) The Tribunals, constituted under Article 323A or 323B possess the competence to test the constitutional validity of a statutory provision/rule.

हुए खारिज कर दिया गया कि अनुच्छेद 323B [48] जो अब अनुच्छेद 226 और 227[49] के अंतर्गत उच्च न्यायालयों को प्रतिस्थापित करने वाले न्यायाधिकरणों की बात करता है, वह सांविधानिक रूप से खराब है। यह हमारे लिए एक नवीन और महत्वपूर्ण सिद्धांत है। इस प्रकार एक और संकल्पना अर्थात न्यायिक समीक्षा [judicial review] अब हमारे संविधान की मूल संरचना का भी हिस्सा है। अंत में *आई आर कोएल्हो* मामला[50] है, इसे उस त्रिवेणी [trilogy of Minerva Mills, Wamon Rao and Bhim Singh ji] को आगे बढ़ाना था. लेकिन वह अन्य समस्याएं पैदा करता है। हालांकि इसने इस तथ्य को मान्यता दी थी कि मूल अधिकार मूल संरचना का हिस्सा हैं,[51] इसने दो-स्तरीय परीक्षण प्रस्तावित किया और कहा कि पहली बात जो आपको पूछनी चाहिए वह यह है कि क्या कोई विशेष क़ानून किसी विशेष मूल अधिकार का उल्लंघन करता है, अगर जवाब हाँ है, तो आप दूसरे परीक्षण पर जाएँ, कि क्या यह अब मूल संरचना का उल्लंघन करता है। यदि मूल अधिकार पहले से ही मूल संरचना का हिस्सा हैं तो दूसरे परीक्षण का सवाल ही कहाँ है। हम विभिन्न अवधारणाओं में खोकर रह गए हैं। यदि आप मुझसे पूछें, तो मैं उत्तर दूंगा कि मान लीजिए कि हाथी को 6 नेत्रहीनों के साथ छोड़ दिया गया है तो हर कोई अपनी-अपनी दृष्टि से उसकी व्यवस्था करेगा। आधारभूत संरचना [बुनियादी ढांचा]कुछ वैसा ही है। आशा है कि आने वाले दिनों में कुछ प्रकाश और दृष्टि बुनियादी ढांचे की पहचान के लिए मिलेगी.

48 The Constitution of India, art. 323B.

49 The Constitution of India. arts. 226, 227.

50 *I. R. Coelho* v. *State of Tamil Nadu*, AIR 1999 SC 3179.

51 This sentence of Justice Nariman needs greater attention because the first point of conclusion of *IR Coelho* case states that"(i) A law that abrogates or abridges rights guaranteed by Part III of the Constitution may violate the basic structure doctrine or it may not." This seems inconsistent.

Notes on Contributors

- **Arnaab Anand** is a student of M.A. Political Science & International Relations at Indira Gandhi National Open University (IGNOU), Delhi.

  Dewang Mishra is a student of M.A. Political Science at the Shivaji College, University of Delhi.

  Himanshu Khanna is a student of M.A. Political Science at the Department of Political Science, University of Delhi.

- **Vikas Gahlot** is an alumnus of Hansraj College, University of Delhi from where he holds a B.Sc. degree. He has done LL.B. from Campus Law Centre, University of Delhi and completed his LL.M from National Law University Jodhpur with specialisation in Intellectual Property Law in the year 2017-18. His dissertation was on the topic "Justness of Intellectual Property Laws on the touchstone of Western and Indian Philosophy". He is UGC-NET qualified and is currently working as a Teaching Associate at the Centre for Environmental Law, Education, Research and Advocacy (CEERA), National Law School of India University, Bengaluru. His areas of interest include Jurisprudence, Environmental Law, Intellectual Property Law and Contract Law. He is currently working on the Project granted by the Ministry of Law and Justice, Government of India for Strengthening Contract Law and Ease of Doing Business in India.

  Ritika Thakur is an Advocate practicing at the High Court of Delhi.

- **Dr. Seema Singh** is an Assistant Professor at the Campus Law Centre, Faculty of Law, University of Delhi. She completed her LL.B. and LL.M. from Lucknow University and her Ph.D. in Forensic Science from Jamia Millia Islamia University. Her areas of specialization include Bharatiya Jurisprudence, Ancient Indian Political Thought, Constitutional Law, Comparative Constitutions, Administrative Law, and Criminal Law.

  Dr. Singh has edited three books:

  1. Nagrikta Sanshodhan Adhiniyam—Tathya Avm Satya: Ek Baudhik Vimarsh, published by Prabhat Prakashan, Delhi, 2020.

  2. Reflections on Ancient Indian Jurisprudence in the Current Social & Judicial Setup, published by Mohan Law, Delhi, 2021.

  3. Law and Spirituality: Reconnecting the Bond, published by Kitabwale, Delhi, 2024.

Vinayak Sharma is currently pursuing his PhD in law at the Department of Law, University of Delhi. He's been awarded Junior Research Fellowship in Law Subject. His areas of interest include Bharatiya Jurisprudence and Ancient Indian Political Thought. Besides these, he was Students' Union President of Sri Venkateswara College, University of Delhi during his graduation. From 2022 to 2023, he served as a Treasury Associate at the G20 Youth Summit in India.

- **Dr. Anita Yadav** is currently working as an Assistant Professor of Law (Stage II) at Campus Law Centre (CLC), University of Delhi. She has completed her LL.M. and Ph.D. from the National Law School of India University (NLSIU) Bangalore. Prior to joining CLC, she has worked as an Assistant Professor of Law at the National Law School of India University, Bangalore, Christ University, Bangalore and Dr. Ambedkar Government Law College, Pondicherry University, Puducherry. In her previous institution (NLSIU) she was associated with Hon'ble Mr. Justice S Rajendra Babu (Former Chief Justice of India) to teach LL.M. students.

Alankrita Jasaiwal is a lawyer practicing in Delhi.

- **Dr. Sikha Singh** is from Chaudhary Charan Singh University, Meerut.

Dr. Pradeep Kumar is an Assistant Professor at Ramjas College, University of Delhi.

- **Gautam Bhatia** holds a BA/LLB degree from the National Law School of India University (2011), a BCL and MPhil from the University of Oxford (2012 - 2013) and an LLM from Yale Law School (2014). Since July 2014, he has been a practicing lawyer in New Delhi and has contributed drafting and research assistance in constitutional cases such as the criminal defamation challenge and the right to privacy hearing. He has taught constitutional law at the National Law School and the National University of Juridical Sciences. He has written one book, Offend, Shock, or Disturb: Free Speech under the Indian Constitution (OUP 2015) and has contributed to The Oxford Handbook for the Indian Constitution, The Max Planck Encyclopedia of Comparative Constitutional Law, Global Constitutionalism, and The Australian Journal of Legal Philosophy among others. He also writes a blog on Indian constitutional law. Gautam Bhatia participated in the second Melbourne Forum 2017.

- **Shreyaman Bhargava** is currently serving as the Executive Director for Administration and Research at the Adhyayan Foundation for Policy and Research.

Rushank Kumar is a fifth-year law student at NMIMS Kirit P. Mehta School of Law, Mumbai.

- **Anuj Aggarwal** is an Advocate practising in Delhi.

Notes on Editorial Committee

- **Mr. Kusumakar Sukul** is the President of Bhagirath Sewa Sansthan and the President of the Kamkus College of Law. He is a proud alumnus of Lucknow University, a champion of Social Welfare and an epitome of academic excellence. He is the author and publisher of over 80 books, devoted his life in the perusal of eradicating drug addiction and provision of quality education to the marginalised sects of the population. He has also made the country proud with a distinguished service of 40 years as a scientist with the Defence Research and Development Organisation (DRDO) while working on innumerable classified projects.

- **Prof. (Dr.) Anurag Deep** has been in the teaching profession since 2001. He joined the Indian Law Institute, New Delhi as Associate Professor in 2012 and is currently serving as Professor since 2017. He completed his legal education from BHU, Varanasi with merit scholarships. He earned his PhD from Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University, Gorakhpur on the theme "Laws regarding Terrorism and Violation of Human Rights (with special Reference to Cyber Terrorism)". He initiated "case-based method" of teaching in Gorakhpur University by providing cases of the Supreme Court in Hindi medium for non-English medium students of rural area. He has over fifty publications in English and Hindi including the Journal of Indian Law Institute, Annual Survey of Indian Law, ISIL Year Book, Yojana, and Pratiyogita Darparn, LexisNexis, Cambridge, Bloomsbury etc. He has written pre-publication book reviews for Oxford University Press. He actively participates in free legal aid to needy people. He has authored two books (both from the Indian Law Institute); Law of Sedition in India and Freedom of Expression (Co-authored-2018) and Bail: Law and Practice in India (Jointly edited-2019). He was invited by the Criminal Law Reforms Committee constituted by the Government of India (2020) to contribute to the reform process. His book on Sedition was quoted widely by the Law Commission of India. His research works are recognised as resource material by Max Planck Institute, Germany. His latest publications are from Cambridge University Press (2020), Bloomsbury (2020), and Sage (2021-22). He is currently serving the University of Delhi as Professor.

- **Vijay K. Tyagi** is a Ph.D. Candidate at the Faculty of Law, University of Delhi. He has completed his LL.M. from the Indian Law Institute, New Delhi with a Gold Medal for scoring highest grade in the Batch of 2019-20. He has worked as a TRIP Fellow at the OP Jindal Global University, Sonipat and a visiting faculty at the Bharati Vidyapeeth, New Delhi. He has also worked as a LAMP Fellow at the PRS Legislative Research for the year 2018-19. Vijay is the Executive Editor of the Kamkus Law Journal and has been the Student Editor

of the ILI Law Review Journal. He has published articles and notes in reputed journals. Vijay has also presented papers in various National and International Conferences. His primary areas of research include Comparative Constitutional Law, Election Law, Legislative Drafting, and Administrative Law.

- **Amit Raj Agrawal** is a distinguished legal scholar and academician with expertise in criminal law. A UGC-JRF/NET-qualified professional and a gold medallist, he holds LL.B and LL.M degrees with distinction from the Indian Law Institute, New Delhi.

  Currently serving as a faculty member at the Law Centre-I, Faculty of Law, University of Delhi, he has also held academic positions at institutions like G.D. Goenka University, Amity Law School, and DME Law School. Additionally, he has contributed as a legal advisor and researcher at the Forum for Democracy, New Delhi.

  His research focuses on constitutional law, with a notable publication, *Religious Freedom in Secular Democracy of India: A Constitutional Perspective*, along with multiple contributions to reputed law journals such as JILI, ILI Law Review, and the Journal of Law Teachers of India.

- **Dr. Nivedita** earned her law degree from Dr. Ram Manohar Lohiya National Law University Lucknow, LL.M. from the National Law School of India University Bengaluru and Ph.D. from the Indian Law Institute New Delhi. She also holds one-year post-graduate diploma in Urban Environmental Management and Law from the National Law University Delhi and WWF-India and in International Environment Law from The Indian Society of International Law, New Delhi. She has qualified UGC National Eligibility Test (NET) twice and was awarded with Junior Research Fellowship (JRF) and later Senior Research fellowship (SRF).

  She has several national and international publications to her credit in the area of Environmental Laws. She was shortlisted to participate in the United States Embassy's "Environmental Diplomacy Simulation" exercise. She also received the "Best Paper Award" at an international conference hosted by the Symbiosis Law School of Pune and the Shastri Indo-Canadian Institute. She recently presented her research at the University of Lisbon, Portugal, University of London and Birmingham City University, Birmingham, UK.

- **Dr. Ambuj Sharma** is the Principal at the Kamkus College of Law.

- **Dr. Seema Singh** is the Dean of Legal Studies at the Kamkus College of Law.

- **Tabassum Baig** is an Assistant Professor at the Kamkus College of Law.
- **Neetu Mankotia** is an Assistant Professor at the Kamkus College of Law.